हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 17 जुलाई 2025

06 ढोटी के पास टूटी चंबल नहर की 30.78 लाख...



09 किसान संघ ने अपनी समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया





## खबर संक्षेप



### भुजरिया तालाब रोड, ओवर ब्रिज के नीचे गड्ढे से बारिश में कीचड़ जमा

**गुना** । भुजरिया तालाब रोड ,ओवर ब्रिज के नीचे गड्ढे होने से बारिश में कीचड़ जमा हो गया है ' राहगीरों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है 'भुजरिया तालाब के महंत राघवेंद्र दास जी महाराज ने बताया इसी रोड से तालाब में विसर्जन के लिए विमान आते हैं प्रशासन से मांग की है जल्दी से जल्दी इन गड्ढे को भरवारा जाए ' जिससे आगामी समय में विमान विसर्जन में परेशानी न हो ' इसके अलावा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के दर्शनार्थी भी परेशान हो रहे हैं उन्हें जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### नशा मुक्ति अभियान को लेकर छात्र-छात्राओं को जागरुक किया गया

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश में पुलिस प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति अभियान 15 जुलाई से आरम्भ किया गया है जो लगातार 15 दिन तक चलेगा। इस अभियान को लेकर जिले भर में छात्र-छात्राओं को नशा करने वालों से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कढी में नई सरायं के जीवाजी पब्लिक हाई स्कूल में थाना प्रभारी पुनीत दीक्षित द्वारा छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त समाज बनाने और नशा करने वालों से बचाव के उपाय बताए गये और जागरूक किया गया। सभी जानते हैं कि नशा नाश की जड़ है इसी उद्येश्य को लेकर थाना प्रभारी द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया गया कि जब भी स्कूल से आएं और जाएं तो हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि कहीं कोई नशा करने वाला व्यक्ति तो आपके आसपास नहीं घूम रहा। आपके घर के पास भी कोई व्यक्ति नशा करने वाला निवास करता हैं तो उससे भी सावधान रहें। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन को साफ सुथरा और स्वस्थ्य बनाने के लिए जरूरी है कि हम स्वयं भी नशे से दूर रहें अपने घर परिवार में भी सभी सदस्यों को नशे से बचने के लिए जागरूक करें। घर-परिवार यदि नशे से बचकर रहेगा तो वह परिवार हमेशा संस्कारवान रहेगा। हमें अपने धर्म और संस्कारों से जोड़कर नशा मुक्त समाज बनाना है। उन्होंने बच्चों को एक वीडियों के माध्यम से भी नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया।

### जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उद्योगों की स्थापना के लिये जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएगी। उद्योगों की स्थापना के लिये निवेशकों की समस्याओं का हर स्तर पर संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्ट्रेट में इंडस्ट्रीज फेसीलिटी सेंटर संचालित है। इस सेंटर के प्रभारी डिप्टी कलेक्टर इसरार खान है। इस सेंटर के माध्यम से निवेशकों आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। बैठक में निवेशको द्वारा औद्योगिक क्षेत्र पलकाटोरी, अशोकनगर की समस्याओ जैसे भूखण्डो मे गड्डो की समस्या, पानी उपलब्धता की कमी, बिजली व्यवस्था, असामाजिक तत्वो, एनओसी, के साथ ही अतिक्रमण, आदि के बारे मे अवगत कराया। बनिवेशको से चर्चा कर उनके प्रयोजन एवं सुझाव भी प्राप्त किये।

### किराए के बदले अपने कानों के सोने के टॉप्स सौंपे, चल पड़ी छलांग लगाने

# ऑटो ड्राइवर की सतर्कता और नाव चालक की सूझबूझ से बची महिला



**आमजन से पुलिस की अपील**

आमजन से पुलिस ने अपील की है कि किसी भी प्रकार की मानसिक परेशानी होने पर नजदीकी परिजन, मित्र या प्रशासन से संवाद करें, आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुना

डैम के पास पहुंचकर महिला ने ऑटो चालक को किराए के बदले अपने कानों के सोने के टॉप्स सौंपे, जिससे ऑटो चालक को कुछ शंका होने पर उसने टॉप्स वापस करते हुए महिला का पीछा किया और देखा कि वह डैम में कूदने का प्रयास करने लगी तो ऑटो चालक द्वारा उसे रोकने का प्रयास किया ,पर महिला चिल्लाने लगी, जिससे आसपास के लोग भी वहां एकत्रित हो गए और वहां मौजूद नाव चालक द्वारा इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी और सूचना के मिलने पर पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और महिला को समझाइश देकर उसे सुरक्षित बचा लिया गया। धरनावदा थाना पुलिस की तत्परता एवं एक ऑटो चालक की सर्तकता और नाव चलक की सूझबूझ के चलते एक महिला की जान को बचाया जा सका है । हतप्रभ कर देने वाला घटनाक्रम कुछ इस प्रकार से है कि 16 जुलाई को एक 25 वर्षीय महिला गुना से एक ऑटो में सवार होकर गोपीकृष्ण सागर डैम पहुंची थी । उसके पास पैसे ना होने के चलते डैम के पास पहुंचकर महिला ने ऑटो चालक को किराए के बदले अपने कानों के सोने के टॉप्स सौंपे, जिससे ऑटो चालक सोनू जाटव निवासी केंट, को कुछ शंका होने पर उसने टॉप्स वापस कर दिया । फिर उसने महिला का पीछा किया और देखा कि वह डैम में कूदने का प्रयास करने लगी तो ऑटो चालक द्वारा उसे रोकने का प्रयास किए जाने पर महिला चिल्लाने लगी, जिससे आसपास के लोग भी वहां एकत्रित हो गए और वहां मौजूद नाव चालक संतोष बंजारा द्वारा इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी और सूचना के मिलने पर धरनावदा थाना क्षेत्र की रुठियाई चौकी से पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और महिला को समझाइश देकर उसे सुरक्षित अभिरक्षा में लेकर चौकी लाया गया । प्रारंभिक पूछताछ में महिला ने पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या का प्रयास करने की बात स्वीकार की । तत्पश्चात पुलिस द्वारा महिला के परिजनों को सूचित किया गया । परिजनों के आने पर उन्हें उचित समझाइश दी गई और महिला को परिजनों के साथ सकुशल घर भेजा गया ।

### विधायक प्रियंका पेची की तत्परता से घायलों को मिला तत्काल उपचार



**चाचौड़ा** । मुख्यमंत्री की तैयारी बैठक में शामिल होने के बाद कुंभराज जा रहीं चाचौड़ा विधायक प्रियंका पेची जैसे ही ए बी रोड से गुजरीं, कुदारा निवासी कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर से अपने गांव लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में चार से पांच लोग घायल हो गए।

> एवी रोड मार्ग पर ट्रैक्टर को ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, पांच घायल

हादसे के तुरंत बाद विधायक प्रियंका पेची मौके पर रुकीं और घायलों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तत्काल घायलों को 108 एंबुलेंस और अन्य साधनों से बीनागंज अस्पताल भिजवाया तथा चिकित्सकों को समुचित इलाज के निर्देश दिए। साथ ही घायलों और उनके परिजनों को उचित उपचार का आश्वासन भी दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि विधायक मौके पर न होतीं तो घायलों को समय पर मदद मिलना मुश्किल होता। आमजन ने उनकी त्वरित प्रतिक्रिया और संवेदनशीलता की सराहना की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रील्स, शॉर्ट फिल्म से किया जागरुक

## नशे से दूरी के लिए जरूरी है जागरूकता, गुना पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुना

मादक पदार्थों के बढ़ते दुष्प्रभाव और युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से बचाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई 25 तक राज्यव्यापी विशेष जनजागृति अभियान नशे से दूरी, है जरूरी संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुना जिले में पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के मार्गदर्शन में सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत पुलिस द्वारा जिले की शैक्षणिक संस्थाओं में नशे के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए रचनात्मक गतिविधियों का सहारा लिया जा रहा है। शॉर्ट फिल्म, रील्स, पंपलेट, पोस्टर और जागरूकता संबोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम बताए जा रहे हैं, साथ ही जीवन में नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई जा रही है। अभियान के दूसरे दिन 16 जुलाई को जिले भर में कई स्कूलों और कॉलेजों में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उन्हें इस गंभीर विषय पर जागरूक किया।

पुलिस लाइन गुना में रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय ने दिशा लर्निंग सेंटर में छात्रों को लघु फिल्म के माध्यम से नशे की भयावहता दिखाई और उन्हें नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। कोतवाली से उपनिरीक्षक माधवी तोमर ने वंदना कॉन्वेंट स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेकर विद्यार्थियों को नशामुक्त रहने का संकल्प दिलवाया। इसी प्रकार बजरंगगढ़ थाना प्रभारी कृपाल सिंह परिहार ने युवा कॉलेज बजरंगगढ़, विजयपुर थाना प्रभारी रितुराज सिंह कुशवाह ने केंद्रीय विद्यालय गेल विजयपुर, राघौगढ़ से उपनिरीक्षक कमल सिंह मीना ने एक्सीलेंस स्कूल राघौगढ़ और सिरसी थाना प्रभारी मनोज मेहरा ने ग्राम मारकी महू के शारदा विद्या निकेतन स्कूल में जाकर बच्चों को रचनात्मक तरीकों से जागरूक किया।

इन सभी कार्यक्रमों में नशा मुक्ति पर आधारित शॉर्ट मूवी, रील्स, पंपलेट और सीधे संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति का बल्कि पूरे परिवार और समाज का पतन कर देता है। ऐसे में युवा पीढ़ी को इससे दूर रहकर अपने जीवन को सही दिशा में अग्रसर करना चाहिए। जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी इसी प्रकार शैक्षणिक संस्थानों में जाकर पुलिस द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया गया और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाया गया। गुना पुलिस का यह प्रयास नशामुक्त समाज निर्माण की दिशा में एक सकारात्मक पहल साबित हो रहा है।

## कलेक्टर ने किया श्यामाटोरी आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण



**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को तहसील ईसागढ़ के ग्राम श्यामाटोरी पहुंचकर आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं केंद्र क्रमांक 2 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में दर्ज 28 बच्चों के पोषण आहार, नाश्ता भोजन दिए जाने के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि बारिश में आंगनबाड़ी भवन में पानी का रिसाब होता है, जिससे आंगनबाड़ी केन्द्र के रिकॉर्ड के रखरखाव तथा बच्चों को बैठाने में परेशानी होती है। कलेक्टर ने उक्त भवन की मरम्मत कराये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से आंगनबाड़ी की संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही आंगनवाड़ी में कुपोषित बच्चों, गर्भवती माताओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने शासकीय जर्जर भवनों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। ग्रामीणो की समस्याएं को सुना तथा ग्रामीणों ने सड़क,पानी के लिये बोर कराये जाने तथा राशन हेतु 5 किलोमीटर दूर जाने के संबंध में बताया।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने मुंगावली के डेयरी व रेंस्टोरेट से लिए नमूने




**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन अशोकनगर द्वारा एसडीएम मुंगावली मनीष धनगर के निर्देशन में विभिन्न डेयरियों, रेस्टोंरेंट एवं किराना स्टोर की जांच की गई। संदेह के आधार पर तलैया मोहल्ला, मुंगावली स्थित गुरू नानक बेकरी का निरीक्षण कर दो प्रकार के खुले घी तथा पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया। साथ ही खाद्य परिसर में गंदगी पाये जाने पर सुधार किये जाने हेतु नोटिस जारी किया गया। इसी क्रम में शिवानी किराना से पैक घी, अचार मसाला तथा जीरा का नमूना जांच हेतु लिया गया एवं राज्य शासन द्वारा अधिकृत प्रयोगशाला में भेजा गया है। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार सोनम शर्मा तथा राजस्व निरीक्षण रामकिशन अहिरवार मौजूद रहे। साथ ही बहादुरपुर स्थित अज्जू रेस्टोरेंट से विक्रय की गयी जलेबी में कीडा पाये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जांच कर शिकायतकर्ता की उपस्थिति में जलेबी तथा मलाई बर्फी का नमूना लिया जाकर जांच हेतु भेजा गया है तथा मौके पर पायी गयी अनियमितताओं को दूर किये जाने हेतु खाद्य कारोबारकर्ता को नोटिस जारी किया गया।

## सीएम के संभावित दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थल का कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**गुना** । कृषि उपज मंडी प्रांगण बीनागंज में होने वाले कार्यक्रम के मध्येनजर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अगले सप्ताह के संभावित दौरे को लेकर चांचौड़ा में प्रशासनिक तैयारियों एवं व्यवस्था संबंधी कार्यों को लेकर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी एवं वनमंडलाधिकारी अक्षय राठौर ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने लहरचा रोड बायपास स्थित नवीन दशहरा मैदान में बने हेलीपैड का निरीक्षण कर लेवलिंग, घास कटाई, सौंदर्यीकरण एवं रंगाई-पुताई कार्य समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद कृषि उपज मंडी प्रांगण बीनागंज में होने वाले कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर यातायात व्यवस्था, रूट चार्ट, बस पार्किंग, बैठक व्यवस्था, कानून व्यवस्था, स्टेज निर्माण, फायर ब्रिगेड और बैरिकेडिंग आदि की तैयारियों की समीक्षा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के उपरांत मंडी कार्यालय में अधिकारियों की बैठक आयोजित कर विभिन्न प्रस्तावित शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रमों, जिले की उपलब्धियों एवं अन्य विषयों पर चर्चा कर तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान चांचौड़ा विधायक प्रियंका मीना, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे, एसडीएम चांचौड़ा रवि मालवीय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बैठक में जानकारी न देने पर नोटिस जारी, कई अधिकारियों पर कार्रवाई की गई

# ईसागढ़ जनपद मुख्यालय पर कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह ने जनपद पंचायत मुंख्यालय ईसागढ में अधिकारियों की बैठक ली इस दौरान बैठक में कई अधिकारी पहुंचे उन पर जबाव नहीं थे कुछ अनुपस्थित रहे जिनकी लापरवाहियां मिली उनकी दो-दो दिवस के वेतन काटने की कार्रवाई की गई है।

बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पोषण पुनर्वास केन्द्र में विकासखण्ड ईसागढ़ क्षेत्र के चिन्हित कुपोषित बच्चों को भर्ती कर समुचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं। जिससे बच्चों को सुपोषित की श्रेणी में लाया जा सके। उन्होंने गर्भवती माताओं की पोर्टल में एंट्री,अनमोल 2.0,समग्र आईडी, स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति,दस्तक अभियान, सिकल सेल एनीमिया,आयुष्मान कार्ड के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि क्षेत्र की सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानें समय पर संचालित हो तथा हितग्राहियों को समय पर राशन का वितरण हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गैस सिलेण्डर एजेंसियों की जांच तथा पेट्रोल पंपो की जांच किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में जनपद पंचायत ईसागढ़ की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं के अंतर्गत सहरिया समुदायों के सभी दस्तावेज पूर्ण कराकर अधिक से अधिक योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रकरण बनवाये जाएं। पीएम जनमन योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। साथ ही आवासों को कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराया जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच मार्गो की मरम्मत का कार्य तथा कीचड़ की साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंनें ग्रामों में शांति धाम की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत स्तर पर बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम संचालित रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने क्षेत्र अंतर्गत जर्जर स्कूलों, आंगनवाडी केन्द्रों, पंचायत भवनों की सूची तैयार कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा की गई और निर्देश दिए गये। बैठक में कृषि विभाग की समीक्षा की गई ।

### बेसहारा पशुओं का विचरण सड़कों पर न होने के निर्देश दिए




बैठक में पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान स्वावलंबी गोशाला के निर्माण,गौसेवा की स्थिति, गोशालाओं के संचालन तथा पंजीयन के संबंध में समीक्षा की गई। साथ ही निर्देशित किया कि जिले में स्वीकृत 41 गोशालाएं पूर्ण रूप से संचालित हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गोवंश का टीकाकरण नियमित रूप से कराया जाए। बेसहारा पशुओं का विचरण सड़कों पर न हो उन्हें गोशालाओं में रखा जाए। साथ ही पंचायत राज व्यवस्था के तहत गोशालाओं में बिजली,पानी की व्यवस्था कराई जाए।

### लापरवाही बरतने पर बीआरसी को हटाने के निर्देश, जनपद सीईओ को नोटिस जारी

लापरवाही बरतने पर अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ ए.पी. प्रजापति को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जनपद पंचायत ईसागढ़ द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी, समग्र ईकेवायसी एवं आधार पंजीयन की जानकारी नहीं होने, शासकीय उचित मूल्य दुकान विहीन ग्राम पंचायतों, केन्द्रीय मंत्री से प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण नहीं करने, निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में नहीं पहुंचाये जाने, असंचालित गौशालाओं को संचालित करने में लापरवाही बरतने, जर्जर भवन में संचालित आंगनबाडी को अन्य भवन में स्थानांतरित करने के संबंध में जानकारी सहित अन्य जानकारी नही देने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर किरण शर्मा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के पद से हटाये जाकर अन्य को प्रभार देने के निर्देश दिए।

### कई कर्मचारियों के दो दिवस का वेतन काटने के निर्देश

बैठक में स्वसहायता समूहों की जानकारी नहीं देने पर सहायक विकासखंड प्रबंधक एनआरएलएम अखिलेश प्रताप सिंह का 02 दिवस का वेतन राजसात करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी तथा ग्राम पंचायतों के प्रतिदिन खुलने एवं उपस्थिति की जानकारी नहीं देने पर जनपद पंचायत इंस्पेक्टर बाबूराम दोहरे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय योजनाओं की जानकारी, पंजीकृत किसानों की जानकारी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभान्वितों की जानकारी, कस्टम हायरिंग सेन्टर की जानकारी, फार्मगेट एप पर रजिस्ट्रेशन की जानकारी तथा ए.आई.एफ. की जानकारी नहीं देने पर रविन्द्र यादव वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय योजनाओं की जानकारी नहीं देने पर शिवराम दोहरे पी.सी.ओ. को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में बीईओ ईसागढ़ महिपाल सिंह रघुवंशी तथा बीपीएम स्वास्थ्य विभाग शिवकांत शर्मा की 02-02 दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए।

### चंबल नहर की मरम्मत का प्रस्ताव मंजूर, भोपाल से जारी हुई निविदा

# ढोटी के पास टूटी चंबल नहर की 30.78 लाख से होगी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पिछले दिनों ढोटी गांव के पास टूटी चंबल दाहिनी मुख्य नहर की 30 लाख 78 हजार रुपए की राशि से मरम्मत होगी। मरम्मत का यह प्रस्ताव जल संसाधन विभाग ने तैयार करते हुए उसे स्वीकृति के लिए मुख्य अभियंता कार्यालय ग्वालियर के माध्यम से भोपाल भेज दिया है। इस प्रस्ताव को शासन की ओर से मंजूर करते हुए भोपाल स्तर से निविदा आमंत्रित कर दी गई है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी उम्मीद जता रहे है कि रवि सीजन में किसानों को सिंचाई के लिए नहरी पानी की जरूरत पडने से पहले चंबल नहर की मरम्मत कर दी जाएगी।

श्योपुर सहित चंबल संभाग के तीनों जिलों के किसानों की जीवनदायिनी चंबल मुख्य नहर पिछले दिनों ढोटी गांव के पास उस समय टूट गई,जब 35 गांवों की सिंचाई के लिए बनाई गई चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की टेस्टिंग के लिए चंबल नहर में कोटा बैराज से पानी छोड गया था। चंबल नहर के टूटने से नजदीकी गांव टर्रामाफी में बाढ के हालात निर्मित हो गए थे। खेतों में रोपी गई धान की फसल पानी में डूब गई। वहीं आधा दर्जन के करीब ग्रामीणों के घरों में नहर का पानी भरने से काफी नुकसान पहुंचा है। बताया जा रहा है कि चंबल नहर उस जगह से टूटी है,जहां पहले से नहर की पुलिया क्षतिग्रस्त थी और नहर टूटने का अंदेशा बना हुआ था। हालांकि यहां मरम्मत किए जाने के लिए शासन से राशि भी स्वीकृत हो गई थी, लेकिन जल संसाधन विभाग मरम्मत का काम शुरू करवा पाता,उसके पहले ही चंबल नहर उक्त पुलिया के नजदीक ही टूट गई और नहर की पाल का काफी हिस्सा टूटकर बह गया। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक चंबल दाहिनी मुख्य नहर की मरम्मत किए जाने के लिए 30 लाख 78 हजार का प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसे सीई ऑफिस ग्वालियर के माध्यम से भोपाल के लिए भेज दिया गया है। बताया गया है कि इस प्रस्ताव को शासन के द्वारा मंजूरी प्रदान कर दी गई है। जिसके बाद प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग भोपाल से चंबल नहर की आरडी 45670 से 45700 मी दाये तट पर क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत किए जाने के लिए निविदा जारी कर दी गई है।



**छह माह चलती है चंबल नहर**

राजस्थान के कोटा बैराज से निकली चंबल दाहिनी मुख्य नहर मप्र के श्योपुर, मुरैना और भिंड जिले में बहती है। इसमें अक्टूबर से मार्च माह तक पानी मिलता है। जिससे इन तीनों जिलों की साढ़े 3 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई रवि सीजन के दौरान होती है। इसमें श्योपुर जिले में ही लगभग 70 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होती है। इसलिए चंबल नहर की मरम्मत रवि सीजन के पहले होना जरूरी है।

**नहर की पाल के साथ पुलिया की भी होगी मरम्मत**

बताया गया है कि चंबल नहर की मरम्मत के लिए जो प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है, उसके मुताबिक चंबल नहर की पाल जिस स्थान से टूटी है,उस जगह की मरम्मत करते हुए पक्की नहर बनाई जाएगी, वहीं पहले से क्षतिग्रस्त बनी पुलिया जिसकी मरम्मत किए जाने प्रस्तावित था की भी मरम्मत की जाएगी तथा इस जगह से नहर फिर न टूटे,इसके लिए भी जरूरी निर्माण कार्य किया जाएगा। यहां बता दें कि पिछले साल जुलाई 2024 में आई तेज बारिश के चलते भी चंबल दाहिनी मुख्य नहर गिरधरपुर और श्योपुर के बीच कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके बाद नहर की मरम्मत रवि सीजन की सिंचाई के लिए पानी कोटा बैराज से छोडने से पहले कंपलीट कर ली गई। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो इस बार भी टूटी चंबल नहर की मरम्मत रवि सीजन से पहले कंपलीट कर ली जाएगी।

**इनका कहना है...**

ढोटी के पास क्षतिग्रस्त हुई चंबल नहर की मरम्मत 30.78 लाख रुपए की राशि से की जाएगी। इस संबंध में भोपाल स्तर से निविदा जारी कर दी गई है और जल्द ही मरम्मत का काम धरातल पर शुरू हो जाएगा। रबी सीजन की सिंचाई के पहले नहर की मरम्मत का काम हर हाल में कंपलीट कर लिया जाएगा।

**चैतन्य चौहान**
**कार्यपालन यंत्री, जलसंसाधन विभाग श्योपुर**

### चिंताहरण हनुमान मंदिर पर कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

## जीवन के उद्देश्य और दिशा को दर्शाती है श्रीमद भागवत कथा: राधारमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पर बुधवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा मोहनजी की बगीची से शुरू हुई और गाजेबाजे के साथ विभिन्न मार्गो से होते हुए मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। कलश यात्रा के बाद कथा व्यास पं राधारमण शास्त्री ने विधिवत देव पूजन उपरांत श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है।बताया गया है कि धर्मप्रेमी लोगों के सहयोग से आयोजित यह श्रीमद भागवत कथा 22 जुलाई तक चलेगी। कथा में मुख्य यजमान की भूमिका निभा रहे गोविंद प्रसाद गुप्ता ओछापुरा वाले तथा सहयोगी बन रहे सुरेश जाट, जगदीश जाट,शंभू गोयल, अशोक गोयल, प्रशांत गौतम, हरि सिंह जाट, डॉ शंभूदयाल गुप्ता,डॉ अनिल शर्मा, मनोज घड़ी वाले आदि लोगों ने सभी धर्मप्रेमी लोगो से अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पधारकर कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।

### 7 उपयंत्रियों एवं 3 एडीईओ, 13 पंचायतों के सचिव, जीआरएस को नोटिस जारी

## सीएम हेल्पलाइन को लेकर सख्त हुआ प्रशासन, दो सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाइन के निराकरण को लेकर प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है तथा सभी को निर्देश दिये गये हैं कि सीएम हेल्पलाइन का निराकरण तत्परतापूर्वक गंभीरता से किया जाए। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में रूचि नहीं लेने एवं कार्यों में लापरवाही के चलते जहां दो पंचायत सचिवों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है। वहीं जनपद पंचायतों के 7 उपयंत्रियों, 3 एडीईओ सहित 13 पंचायतों के सचिव और ग्राम रोजगार सहायको को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं।

जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत विजयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गोहर के सचिव सोबरन कुशवाह तथा ग्राम पंचायत जाखेर के पंचायत सचिव राजेश जादौन को शासकीय कार्यों में लापरवाही तथा सीएम हेल्पलाइन में रूचि नही लेने के चलते निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में दोनो सचिवों का मुख्यालय जनपद पंचायत विजयपुर किया गया है।

इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के निराकरण नही करने पर जनपद पंचायत कराहल के उपयंत्री अजीत गिरी, जनपद पंचायत श्योपुर के दीपक धाकड एवं प्रेमनारायण राठौर, जनपद पंचायत विजयपुर के रामेश्वर गुप्ता, रामनिवास धाकड, शरद उच्चारिया एवं प्रियंका जादौन, सहायक विकास विस्तार अधिकारी जनपद श्योपुर अमन शिवहरे, एडीईओ विजयपुर अभिनंदन भदौरिया एवं देवेन्द्र प्रजापति को कारण बताओ नोटिस दिये गये है। इसी प्रकार जनपद पंचायत विजयपुर के ग्राम पंचायत पार्वती बडौदा, गसवानी, गढी, वीरपुर, रघुनाथपुर, देवरी, लाडपुरा, इकलौद, फरारा, सहसराम, कींजरी, आरोदा एवं मैदावली के पंचायत सचिवों तथा जीआरएस को नोटिस जारी किए गए हैं।

**सूने घर का चोरों ने चटकाया ताला, साफ किया माल**

**श्योपुर।** शहर के कृष्णा पैलेस क्षेत्र में स्थित एक मकान में चोरों ने उस समय धावा बोल दिया, जब मकान में रहने वाले लोग दिल्ली गए हुए थे। बताया गया है कि कृष्णा पैलेसे के पास रहने वाले हरिशचंद्र गर्ग अकेले ही श्योपुर में रहते हैं। जबकि उनके बच्चे दिल्ली में रहते है। बताया गया है कि वे बच्चों से मिलने के लिए दिल्ली गए थे। उनके जाने के बाद सूने हुए मकान का चोरों ने ताला तोड दिया। ताला तोड़कर चोर घर के अंदर से सामान चोरी कर ले गए हैं, लेकिन चोरी क्या क्या सामान हुआ है तथा कितनी नकदी और जेवर चोरी हुआ है, इसका पता घर के लोगो के लौटने पर ही चलेगा। क्योंकि घर के लोग अभी लौटे नहीं है। इस संबंध में कोतवाली टीआई दिनेश सिंह राजपूत ने बताया कि इस संबंध में कोई रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने नहीं आया है। यदि रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोई आएगा तो चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी जाएगी।

## पेलेटस बनाने में पराली का होगा उपयोग, शुरुआत में 5-5 हजार टन पराली खरीदेंगे स्थानीय उद्यमी

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने पराली फ्री डिस्ट्रिक्ट बनाने की मुहिम को ओर अधिक गति प्रदान करते हुए आज पराली से पेलेटस बनाने वाले इंडस्ट्रियलिस्ट के साथ बैठक कर इस सीजन-नो पराली के संबंध में विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, सहायक संचालक उद्योग शुभम अग्निहोत्री सहित स्थानीय उद्यमी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले में संचालित पराली आधारित उद्योगों के संचालको से चर्चा करते हुए कहा कि अपने-अपने स्तर पर पंजाब से बेलर मशीन उपलब्ध कराने के प्रयास सुनिश्चित किये जायें। उन्होने कहा कि शुरूआत में 5-5 हजार टन पराली स्थानीय इंडस्ट्रियलिस्ट खरीदेंगे, जिसका दो रूपये किलो के हिसाब से भुगतान भी देय होगा। उन्होने कहा कि पेलेटस बनाने में पराली का उपयोग करने वाले उद्योगों के लिए यह एक अच्छा अवसर है, जिले में धान के रकबे को दृष्टिगत रखते हुए प्रचुर मात्रा में पराली की उपलब्धता है। इस वेस्ट मटेरियल को प्रोसेसिंग के माध्यम से उपयोगी बनाया जा सकता है और पावर प्लांट को सप्लाई किया जा सकता है। उन्होने कहा कि इस संबंध में पंजाब के बेलर संचालको से ही पूर्व में ही चर्चा कर ली जाये तथा धान कटने के समय ही कम से कम 100 बेलर की जिले में उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जायें। इसके साथ ही उन्होने एनआरएलएम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कम से कम 100 स्वसहायता समूहों को शासन की 80 प्रतिशत अनुदान योजना के तहत बेलर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जायें। इस अवसर पर उन्होने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामवार कृषको की लिस्ट पूर्व से ही तैयार कर रखी जाये तथा समय आने पर पराली काटने का कार्य 15 दिन की समय सीमा में किया जायें। इस अवसर पर पराली आधारित उद्योग से जुडे संचालको ने बताया कि जिले में आधा दर्जन के लगभग इंडस्ट्रीज संचालित है, जो पेलेटस और ब्रेकेट बनाने का कार्य कर रहे है। उन्होने जानकारी दी कि धान की पराली से पेलेटस बनाये जायेंगे, जिनकी डिमांड पावर प्लांट के लिए होती है। उन्होने यह भी सहमति व्यक्त की कि वे शुरूआत में सभी कम से कम 5-5 हजार टन पराली का क्रय करेंगे, इसके उपरांत और पराली खरीदेंगे।




## नहाने गया युवक पानी के तेज बहाव के साथ नाले में बहा, दो दिन में मिला शव

**श्योपुर।** उफनते नाले में नहाने के लिए पहुंचा एक आदिवासी युवक नहाने के दौरान बह गया और दो दिन बाद उसका शव करीब डेढ़ किलोमीटर दूर जाकर मिला है। जिसे पुलिस ने पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। यह घटना मगरदा थाना क्षेत्र के शुक्रवारा गांव की है। मगरदा थाना प्रभारी ध्रुव सिंह भदौरिया ने बताया कि ग्राम शुक्रवारा निवासी शिव सिंह 35 वर्ष पुत्र रामदयाल आदिवासी 13 जुलाई को घर से नहाने की बात कहकर निकला था। जब वह गांव के बगल से गुजरे कांस के नाले के रपटे पर नहा रहा था, तभी वह नाले में पानी के तेज बहाव के साथ बह गया। जब शिव सिंह शाम तक घर नहीं पहुंचा, तब परिजन उसकी तलाश करते हुए थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजनों की रिपोर्ट पर गुमशुदगी दर्ज कर नाले में उसकी तलाश शुरू करवाई गई। मंगलवार को जब नाले में पानी कम हुआ,तब शिव सिंह का शव रपटे से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर जाकर मिला है। पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आदिवासियों ने वन भूमि को लेकर विवाद के बाद सहायता राशि की मांग की




**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम सिरसौद में हुई घटना के विरोध में अशोकनगर जिला मुख्यालय पर आदिवासियों ने रैली निकाली और ज्ञापन सौंपा। इन आदिवासी परिवारों ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में पीड़ित परिवारों को वनाधिकार के पटटे देने, 5-5 लाख का मुआवजा दिए जाने और कई सुविधाओं की मांग की। सहरिया समाज ने कहा है कि प्रशासन उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहा है। इस आदिवासी समुदाय ने चंदेरी विधानसभा सीट को आदिवासी वर्ग को आरक्षित करने की मांग की है। जिस घटना को लेकर इन आदिवासियों द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में 5-5 लाख रूपये की मांग की गई है उसे लेकर कहा गया है कि पिछली 29 जून को ग्राम सिरसौद में जो घटना हुई थी उसमें आदिवासी परिवारों की झोपडियों में आग लगा दी गई थी।

### बैठक में बिन्दुबार समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश



**अशोकनगर।** एआईएफ योजना के बारे में जानकारी उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। निवेश प्रोत्साहन केन्द्र सिंगल विंडो सिस्टम के रूप में कार्य किये जाने हेतु निर्देश दिये गये साथ ही महाप्रबंधक, उद्योग विभाग को विभाग से एक कर्मचारी को नियुक्त किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। निवेश प्रोत्साहन केन्द्र हेतु सभी विभागो की योजनाओं की जानकारी तैयार किये जाने हेतु सभी अधिकारियो को निर्देश दिये।

## केन्द्र पर उपस्थित होने की गलत जानकारी देने पर पद से पृथक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिवेदन पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चंदेरी के अनुमोदन पर परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना चंदेरी द्वारा कुं. शिवानी शेषा आंगनबाडी कार्यकर्ता ग्राम मोहनपुर द्वितीय को तत्काल प्रभाव से पद से पृथक किया गया है।

आंगनवाडी कार्यकर्ता शिवानी शेषा ग्राम मोहनपुर द्वितीय सेक्टर हंसारी परियोजना चन्देरी के द्वारा 11 जुलाई को समय प्रातः 08:04 मिनिट पर सेक्टर ग्रुप में भेजे हुए फोटो से प्रतीत हुआ है कि आंगनवाडी केन्द्र खुला है व कार्यकर्ता केन्द्र पर उपस्थित है। कलेक्टर श्री आदित्य सिंह द्वारा 11 जुलाई को ही समय प्रातः 08:40 पर आंगनवाडी केन्द्र मोहनपुर द्वितीय बंद पाया गया। इससे स्पष्ट होता है कि शिवानी शेषा द्वारा भेजा गया उक्त फोटो त्रुटिपूर्ण, फर्जी व गलत उद्देश्य से भेजा गया था। आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा के इस कार्य से स्पष्ट है कि विभागीय अधिकारियों को गफलत में रखने के लिये समय प्रातः 08:04 मिनिट पर फर्जी फोटो भेजा गया। उस समय शिवानी शेषा आंगनवाडी केन्द्र पर उपस्थित नहीं थी। इनके इस कृत्य से विभागीय छवि प्रभावित हुई है। कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास जिला अशोकनगर शिवानी शेषा को कारण बताओं सूचना पत्र जारी कर 14 जुलाई को समक्ष में सुनवाई हेतु अवसर प्रदान किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा संबंधित आंगनबाडी कार्यकर्ता शिवानी शेषा को समक्ष में सुना गया। शिवानी शेषा द्वारा प्रस्तुत प्रतिउत्तर संतोषजनक नहीं पाये जाने पर जिला कार्यकम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास द्वारा शिवानी शेषा को आंगनबाडी कार्यकर्ता के पद से पृथक करने संबंधी लेख किया है।

## सहरिया आदिवासी समुदाय के हितार्थ जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सहरिया आदिवासी समुदाय के लिए शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रतिमाह आदिवासी सहरिया समुदाय की जिला एवं ब्लाक स्तरीय बैठकें आयोजित की जाएं।

भूमि संबंधी मामलों के निराकरण हेतु संबंधित राजस्व अधिकारियों द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि शासन की विभिन्न योजनांतर्गत आदिवासी सहरिया परिवारों को लाभ दिलाए जाने के हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने वन अधिकार पट्टे के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन किए जाने के लिए संबंधितों को दिए। ग्राम पंचायत स्तरीय शिविरों में स्वास्थ्य जांच कराये जाने, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बैठक में उपस्थित आदिवासी सहरिया समुदाय के लोगो से चर्चा की तथा हर संभव समाज के उत्थान के लिए किए जाने वाले कार्यों के लिए आश्वस्त किया। बैठक में अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा, डिप्टी कलेक्टर इसरार खान, जिला संयोजक अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग अदिति सिंह तथा आदिवासी सहरिया समुदाय के समाजबंधु उपस्थित थे।

### प्रभारी शाखा प्रबंधक, कैशियर को किया गया निलंबित

**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित गुना द्वारा शाखा चन्देरी एवं शाखा अशोकनगर में प्रभारी शाखा प्रबंधक सुनील कुमार भार्गव, अनुभव प्रकाश जैन प्रभारी कैशियर शाखा चन्देरी, लक्ष्मीनारायण सोलंकी प्रभारी कैशियर शाखा चन्देरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। शाखा चन्देरी एवं शाखा अशोकनगर में प्रभारी शाखा प्रबंधक के पद पर रहने के दौरान किये गये अनियमित्त आर्थिक कृत्य किये जाने से सुनील भार्गव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि सुनील कुमार भार्गव द्वारा शाखा चन्देरी एवं शाखा अशोकनगर में प्रभारी शाखा प्रबंधक के पद पर रहने के दौरान किये गये अनियमित्त आर्थिक कृत्यों के संबंध में प्राप्त शिकायतों की जांच किये जाने हेतु जांच दल गठित किया गया था। गठित जांच दल के द्वारा प्रस्तुत नोटशीट में भार्गव की आई.डी. से अनियमित्त आर्थिक कृत्य प्रकाश में आया है। सुनील कुमार भार्गव के द्वारा शाखा चन्देरी एवं शाखा अशोकनगर में प्रभारी शाखा प्रबंधक के पद पर रहने के दौरान किये गये अनियमित्त आर्थिक कृत्य किये जाने से सुनील भार्गव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन काल में भार्गव का मुख्यालय शाखा कुम्भराज नियत किया गया है। गठित जांच दल द्वारा प्रस्तुत नोटशीट में अनुभव प्रकाश जैन की आई.डी. से अनियमित आर्थिक कृत्य प्रकाश में आया है। अनुभव प्रकाश जैन के द्वारा शाखा चन्देरी में प्रभारी कैशियर के पद पर रहने के दौरान किये गये अनियमित्त आर्थिक कृत्य किये जाने से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन काल में जैन का मुख्यालय शाखा अशोकनगर नियत किया जाता है। गठित जांच दल द्वारा प्रस्तुत नोटशीट में लक्ष्मीनारायण सोलंकी की आई.जी. से अनियमित आर्थिक कृत्य प्रकाश में आया है। लक्ष्मीनारायण सोलंकी के द्वारा शाखा चन्देरी में प्रभारी कैशियर के पद पर रहने के दौरान किये गये अनियमित आर्थिक कृत्य किये जाने से लक्ष्मीनारायण सोलंकी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन काल में सोलंकी का मुख्यालय शाखा मुंगावली नियत किया गया है।

## विदाई समारोह पर किया स्वागत व भेंट किए उपहार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

नगर परिषद् शाढ़ौरा मे 6 बर्षो से लेखा पाल के पद पर सेवाएं दे रहे अमरदीप चंदोरिया को बिदाई दी गई। चंदोरिया ने मार्च 2019 को नगर परिषद् शाढ़ौरा मे पहली जॉइनिंग की थी। छह साल बाद उनका स्थानांतरण ग्वालियर के भितरवार हो गया। आज स्थानांतरण के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस दोरान नगर परिषद् अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकार बंधुओ के दुआर माला पहनाकर पुष्प गुच्छ, उपहार, शॉल, श्रीफल, भेंट कर भाबभीनी बिदाई दी। चंदोरिया बेहद ही मिष्ठभाषी एवं मिलनसार ब्यक्ति है। जिसके कारण सिर्फ शाढ़ौरा नगर परिषद् ही नही बल्कि अन्य अधिकारी, कर्मचारी भी अमर दीप बाबू के नाम से जानते थे सभी ने अपने अपने वक्तव्य दिये और 6 साल के कार्यकाल को सराहनीय बताया। वही इस दौरान चंदोरिया ने अश्रुपूरित आँसुओ के साथ बिदाई मे बैठे सभी का सह सम्मान आभार ब्यक्त किया और कहा की मेरे से भूल बस किसी से कोई गलत कोई गलती हुई हो तो क्षमा करें और सभी के आँखों मे आँसू झलक आये। इस अबसर पर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरबिंद रघुवंशी, सीएमओ शमशाद पठान,समस्त पार्षदगण, पत्रकार बंधु, नगर परिषद् शाढ़ौरा के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत ग्राम बमुरिया में 45 वर्षीय श्याम अहिरवार ने अपने ही घर में साडी को फांसी फंदा बनाया और खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी तब सामने आई जब मृतक की पुत्री घर पर आई तब उसने खिड़की से झांक कर देखा तो तब परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद कमरा अंदर से बंद होने के कारण मकान की छत के उपर से अंदर जाकर मृतक को फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया। बताया गया है कि मृतक शराब पीने का आदि था।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत डेंगा पिपरोदा निवासी बुद्धोबाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नारायण आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छपरा निवासी मुन्नी आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रमेश आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नादनखेडी निवासी प्रदीप यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामनरेश और शिवजीत यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खोरीवरी निवासी वीरप्रताप यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी खिलनसिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढिमचैली निवासी महेश परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोनू परिहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### पिकअप वाहन ने बाईक को टक्कर मारी, दो घायल

**अशोकनगर।** जिले के सहराई थाने के अंतर्गत ग्राम जनकपुर खिरिया निवासी राममिलन लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजेश लोधी ने अपने पिकअप वाहन क्रमांक एमपी11 जी1750 को जान से मारने की नीयत से चलाते हुए बाईक को टक्कर मार दी। जिससे फरियादी के पिताजी एवं सुखवीर लोधी को चोटें आई हैं।

### कार ने बाईक को टक्कर मारी

**अशोकनगर।** जिले के सहराई थाने के अंतर्गत ग्राम अस्पतखेडी निवासी भरोसी आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चंदेरी- मुंगावली रोड पर खलीलपुर बस स्टेण्ड के पास एक सफेद रंग की कार के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाईक में टक्कर मार दी जिससे फरियादी और उसका मामा घायल हो गया।

### 3 बालिकाओं को अज्ञात लोग भगा ले गये

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत एक गांव से 3 बालिकाएं गायब हो गईं। जिसे लेकर एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी दो लडकियों को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इसी तरह पुलिस को सूचना देने वाली महिला ने कहा है कि उसकी बहन की लड़की को भी घर से बिना बताए कई चली गई है। तीनों आदिवासी परिवार की हैं।

### चोरी की घटना की जांच हेतु कमेटी गठित

**अशोकनगर।** जिला चिकित्सालय के मन कक्ष ओपीडी क्रमांक 01 में मंगलवार की रात्रि में टेबलेट एल्प्राजोलाम 6 हजार,लोराजीपाम 1200 तथा डाईजीपाम 1200 की चोरी की घटना घटित होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी,सिविल सर्जन डॉ भूपेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा यथाशीघ्र कार्यवाही करते हुए नर्सिंग आफीसर शाहिद खान मंसूरी, दिव्या तिवारी,डॉ. राममोहन गुर्जर तथा सुरक्षा गार्ड सिगमा कंपनी को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये गए है। साथ ही कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। साथ ही जांच कमेटी गठित की गई है जिसमें डॉ. डी.के भार्गव,डॉ. मनीष चैरासिया,ड्रग्स इंस्पेक्टर जितेन्द्र शर्मा शामिल है।

---

नकली मक्का बीज लेकर किसान पहुंचे और बीज सप्लाई करने वालों पर कार्रवाई की मांग

# किसान संघ ने अपनी समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में नकली मक्का के बीज को लेकर विरोध प्रदर्शन में किसान पहुंचे। भारतीय किसान संघ द्वारा इस विरोध प्रदर्शन का आयोजन अपनी मांगों को लेकर किया गया था। किसान संघ ने रैली निकाली और कलेक्टर कार्यालय के बाहर बैठकर धरना भी दिया इस धरने में महिलाएं भी शामिल थीं।

किसानों का कहना था कि मुंगावली और पिपरई के कईं ग्रामों में यह बीज किसानों को बेचा गया जो अंकुरित नही हुआ। यह बीज राजस्थान के अलवर जिले से यहां सप्लाई किया गया था। यह किसानगण अपने साथ बीज भी लेकर आए थे ज्ञात हो कि अशोकनगर जिले में किसानों द्वारा मक्का का उत्पादन पिछले 2 वर्षों से बडे पैमाने पर किया जा रहा है। यहां खरीफ की फसलों में मक्का का उत्पाद बड़े पैमाने पर हो रहा है इस बार भी मक्का बडे स्तर पर बौने की तैयारी की गई है। जिन किसानों को यह नकली बीज प्रदान किया गया है। उन किसानों की सारी मेहनत और लगात बेकार हो गई जिससे किसान परेशान हैं। देखने में यह आ रहा है कि इस तरह का बीज पहले कभी सप्लाई नहीं हुआ





लेकिन इस बार यह बीज यहां के किसानों को दे दिया गया है। इस दौरान धरना प्रदर्शन को जगराम सिंह यादव, प्रांतीय मंत्री प्रकाश रघुवंशी आदि ने संबोधित किया और 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा और 15 दिवस में कार्यवाही किए जाने की मांग की।

### किसान संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन में मांगों के बिन्दु

- मुंगावली एवं पिपरई तहसील के कुछ ग्रामों में किसानों के साथ बीज विक्रेताओं ने मक्का का बीज दिया था वह अंकुरित ही नहीं हुआ एवं किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये एवं राजस्थान के बीज विक्रेता द्वारा बीज बेचा गया था उसका पता एवं गाड़ी नम्बर भी किसानों के पास है बीज विक्रेता का पता तैयब खॉ, ग्राम नौरंगाबाद जिला अलवर तहसील व थाना अलवर यह कई सालों से किसानों के साथ अशोकनगर जिले में धोखाधड़ी करता आरहा है इस पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाये एवं एफ .आई .आर . दर्ज करके उचित कार्यवाही की जाये।
- अतिवृष्टि के कारण जिन किसानों की मक्का की बोनी नहीं हुई लाखों रूपये का बीज रखा है उस बीज को वापिस कराया जाये।
- जिले में अतिवृष्टि के कारण जो मक्का, सोयाबीन और अन्य फसलें नष्ट हो गई हैं उनका सर्वे कराकर उनको मुआवजा एवं बीमा दिलाया जाये।
- जिले में कृषि सेवा केन्द्रों द्वारा रेट लिस्ट लगाई जाये और पक्का बिल दिया जाये जिससे किसान धोखाधड़ी से बच सकें।
- विद्युत मण्डल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के बिल मनमाने ढंग से वसूले जा रहे हैं । कुछ कनेक्शन दो साल से बंद है लाइन कटी हुई है फिर भी बिल आ रहा है । उदाहरण के तौर पर कमल सिंह रघुवंशी ग्राम खजुरिया नई में कनेक्शन दो वर्ष से बंद है और बिल चालू है विद्युत मण्डल न तो बिल कम कर रहा है और न ही कनेक्शन चालू कर रहा है।
- ग्राम कुन्दौरा में 11 के.व्ही. की लाईन के चार खम्भे जिनकी स्वीकृति ठेकेदार को मिल चुकी है किन्तु आज दिनाँक तक खम्भे और लाईन नहीं डाली गई है। हनुमान मंदिर से लखन रघुवंशी के घर तक एवं बंजारा बस्ती भी एन.टी.पी.सी.लाईन से जोड़ी जाये।
- जिले की सभी तहसीलों में राजस्व विभाग द्वारा किसानों के काम (नामांतरण, बंटवारे, नक्शा दुरूस्ती, सीमांकन आदि) सालों से लंबित पड़े हैं उनको शीघ्र निराकरण कराया जाये।

---

महात्मा ने पुलिस थाने में की शिकायत

# आंनदपुर ट्रस्ट के महात्मा को गोली मारने की दी धमकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्री आनंदपुर ट्रस्ट के एक महात्मा को गोल मारने और वाहन से कुचलकर घटना करने की धमकी दी गई है। जिसकी शिकायत महात्मा द्वारा ईसागढ थाने में की है।

प्रेम नगर चक्क के महात्मा योगेश कुमार ने थाने में और कलेक्टर से इसकी शिकायत की है। साथ ही बातचीत का एक कथित ऑडियो भी सामने आया है, जिसमें जिस व्यक्ति पर आरोप लगाए हैं उसे धमकियां देते सुना जा सकता है। शिकायत के अनुसार, ये धमकी जमडेरा निवासी पंजाब सिंह पिता मुन्नी राम ने दी है। आवेदक महात्मा ने बताया कि वो कई सालों से श्री आनंदपुर ट्रस्ट में निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं और वर्तमान में प्रेमनगर चक्क पर नियुक्त हैं। कर्मचारियों के साथ मारपीट की धमकी सामने आए ऑडियो में पंजाब सिंह कह रहा है कि उसकी 80 बीघा जमीन में ट्रस्ट की जमीन से पानी आ रहा है। अगर ये पानी बंद नहीं हुआ तो वो कल से गोली कांड करेगा।

### गोली मारने, एक्सीडेंट करने की धमकी देने का आरोप

महात्मा ने कलेक्टर को जो आवेदन दिया है उसमें कहा गया है कि पंजाब सिंह ने उन्हें चक्क छोड़ने के लिए बार-बार धमकाया है। न मानने पर गोली मारने, एक्सीडेंट करने और जान से मारने की धमकी दी है। साथ ही, उन्होंने बताया कि आरोपी जबरन चक्क क्षेत्र में घुसकर नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश कर चुका है। महात्मा योगेश ने ये आरोप भी लगाया है कि आरोपी के पास दो हथियार है, जिससे महात्मा और अन्य सेवकों की जान को खतरा बताया गया है। पीड़ित ने प्रशासन से अपील की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर सुरक्षा मुहैया कराई जाए। ईसागढ़ थाना प्रभारी मीना रघुवंशी ने बताया कि आनंदपुर की ओर से एक आवेदन आया है। दोनों पक्षों को बुलाकर, मामले को जांच में लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अस्पताल के मन कक्ष में चोरी, कईं दवाएं चोरी हुई

**अशोकनगर।** जिला अस्पताल के मन कक्ष में चोरी होने की सूचना मन कक्ष के प्रभारियों ने सिविल सर्जन को दी है जिसमें कहा गया है कि अलमारी खोलकर कई दवाएं चोरी की गई है। मन कक्ष प्रभारी साहिद खान मंसूरी और दिव्या तिवारी ने सिविल सर्जन को लिखित पत्र में कहा गया है कि वह मन कक्ष में पदस्थ हैं। मन कक्ष की चाबी हम दोनों के पास ही रहती है। जब हम 16 जुलाई को सुबह के 9:00 बजे अस्पताल आए। तब यह पाया गया कि मन कक्ष का दरवाजा खुला हुआ था तथा ताला भी नहीं था। हमारे द्वारा कक्ष में जाकर देखा गया तो अलमारी का लॉक भी टूटा था तथा अलमारी में दवाइयां बिखरी पड़ी थीं। यह दवाईयां जो कम मात्रा में मिलना पाई गयी हैं। एल प्राय जायलोम 6 हजार टेबलेट, लोराजीपाम 1200 और आईजीपाम 1200 टेबलेट शामिल हैं। इस चोरी की घटना को लेकर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. शेखावत का कहना है कि सुबह 9:00 बजे जब नर्स स्टाफ आया तब यह घटना सामने आई इसमें 3 दवाएं कम मिली हैं।

---



# कलेक्टर से शिकायत के बाद तार ऊंचे हुए लेकिन डीपी हटना शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

कलेक्टर आदित्य सिंह जब राजपुर आए थे तब उन्हें बिजली के तार नीचे होने और डीपी हटाने की शिकायत की गई थी। जिसका असर राजपुर में देखने को मिला अभी डीपी हटना शेष है तार को ऊंचा करने की कार्यवाही की गई है।

सड़क किनारे डीप रखी होने से कभी भी कोई घटना हो सकती है। यहां से अस्पताल और स्कूल जाने वाले बच्चे भी निकलते हैं। कई बार मवेशी भी घटना का शिकार हो चुके है। खुलेआम खुली पडी डीपी से आए दिन मवेशी करेंट से वे मौत मर जाती है। गांववासियों ने राजपुर में कलेक्टर जब आए थें तों गांववासियों ने यह समस्या वताई थी। यहा से डी पी कों हटाकर दूसरी जगह पर लगाया जायें तथा बिजली के तार ऊंचे किए जाएं। आज विद्युत मंडल के कर्मचारी तार ऊंचे करतें दिखाई दिये लेकिन डीपी की समस्या जस की तस हैं । वही सड़क मार्ग पर आज भी कीचड़ व्याप्त है। स्कूल के छात्र छात्राओं के कपड़े खराब हों जातें हैं। क्योंकि नाली निकासी नहीं होने से सड़क मार्ग पर नाली का पानीं फैल रहा हैं।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में कैरियर काउंसलिंग संबंधी बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा युवाओं को उनके भविष्य के लिए सही कैरियर पथ चुनने कैरियर काउंसलिंग योजना संचालित की गई। इस योजना का जिले में संबंधित विभाग द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कैरियर काउंसलिंग योजना के सफल संचालन हेतु आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में निर्देश दिए कि कैरियर काउंसलिंग से बच्चों का भविष्य संवारने के लिए शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाएं आगे आएं और बच्चों को उनकी अभिरूचि तथा क्षमताओं के अनुसार मागदर्शन प्रदान करें। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उनके भविष्य के लिए सही कैरियर पथ चुनने में मार्गदर्शन करना है। योजना के तहत युवाओं को कैरियर मार्गदर्शन शिविर, कौशल विकास प्रशिक्षण, और रोजगार मेले का आयोजन कर युवाओं को उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि, शैक्षणिक योग्यता और नौकरी के अवसरों को ध्यान में रखते हुए उचित सहायता प्रदान की जा सके। एजुकेशन फील्ड करियर स्किल मनोवैज्ञानिक टेस्ट अभिरुचि क्षमताएं करियर के विषय में पिछले दो वर्षों से पूरे देश में करियर काउंसलिंग की जा रही है। कैरियर स्किल एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के पदाधिकारी निमेश गोपाल फाउंडर एंड डायरेक्टर ने बताया कि स्कूलों से ड्रॉप आउट बच्चों का भविष्य संवारने के लिए छात्र-छात्राओं के करियर काउंसलिंग जैसे एजुकेशन को आगे कर सकें। ए आई की ओर बच्चों को किस प्रकार से लाया जा सकता है, जिससे शिक्षा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से विद्यालय में बच्चों को सिखाया जा सके। जिससे बच्चों की बौद्धिक शिक्षा में वृद्धि तथा करियर के माध्यम से अभिरुचि को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को खेल किट गतिविधियों के माध्यम से स्कूलों में सभी दिवस एक्टिविटी कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने नई शिक्षा नीति के तहत व्यावसायिक शिक्षण को बढ़ावा देते हुए बच्चों को आगे लाकर उन्हें शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने सभी स्कूलों कॉलेज के प्राचार्यो को बताया कि ए आई के तहत बच्चों को स्किल, अभिरुचि, क्षमताओं के साथ उनकी रुचियां का चयन कर उन्हें शिक्षा प्रदान की जाए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी अधिकारी सी.एस. सिसोदिया स्कूलों, कॉलेजों, अशासकीय विद्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राजस्व एवं पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में जनपद पंचायत ईसागढ़ के सभागार में राजस्व एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, ईसागढ़ एसडीएम रचना शर्मा,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ए.पी. प्रजापति उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अनुभाग ईसागढ़ अंतर्गत लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में कराया जाए। जिससे नामांतरण, डायवर्सन, सीमाकंन, बटबारा तथा राजस्व अभिलेख दुरूस्तीकरण के प्रकरण लंबित न रहे। साथ ही न्यायालयीन आदेशों का रिकार्ड में अमल किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया राजस्व सेवाएं जरूरतमंदों को धरातल पर जाकर उपलब्ध करायें। जिससे क्षेत्र के लोगों किसी भी प्रकार की राजस्व संबंधी मामलों में परेशान न होने पड़े। उन्होंने जनसुनवाई के प्राप्त आवेदनों के निराकरण,सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की अद्यतन स्थिति तथा समय सीमा में पत्रों का जबाव की विस्तृत समीक्षा कर एसडीएम ईसागढ़ को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि ईसागढ़ की सहरिया समुदाय बाहुल्य ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन कर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं के माध्यम से लाभ दिलाने हेतु कैलेण्डर बनाकर गांव-गांव पहुंचकर हितग्राहियों के प्रकरण तैयार कर लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामों की दशा और दिशा सुधारने के लिए सभी आवश्यक कार्य किये जाए। साथ ही व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मैदानी अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबेक लें। उन्होंने लोक सेवा गांरटी अधिनियम के अंतर्गत सेवाओं की सूची प्रत्येक पंचायत भवनों पर चस्पा कराई जाए।

---

मुनि श्री सुधासागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा...

# हमें ऐसा कोई काम न करें जिससे भारत की बदनामी हो: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर में विराजमान मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के हाथ की हलुआ पुड़ी खानें में आनंद नहीं है मां के हाथ से बनी सूखी रोटी खाने में आनंद है। क्योंकि वह भावनाओं से भरी होती है हम भारत मे जन्मे हैं और भारतीय भूमि पर ही प्राणों को न्यौछावर करेंगे। भारत में हमारे इष्ट आराध्य जन्मे और यही से निर्वाण को प्राप्त किया तो मैं भी यही रहूंगा और इसी भूमि पर मरूंगा में सुखी रोटी खाऊंगा लेकिन अपनी भारत माता की गोदी में रहूंगा। धन के लोभ में लोग भारत छोड़कर जा रहे हैं हमारे तीर्थकारो ने भारतीय भूमि पर विहार किया चाहते तो विदेश जा सकते थे उनके पास रिद्धियां थी देवता उनकी सेवा में थे लेकिन नहीं उन्होंने मात्र सम्पूर्ण आर्यावर्त में ही विहार किया। ऐसी पवित्र पावन भूमि को हम वदनाम कर रहे हैं। हमें ऐसा कोई काम नहीं करना जिससे मेरे भारत की वदनामी हो। मेरे देश का गौरव कम हो मुझे वह करना है जिससे मेरे देश का मस्तक ऊंचा हो।

उन्होंने कहा कि पुण्य के उदय से हमें भारत माता की गोद में जन्म मिला है, भारतीय बहुधा पर विचार करने का मौका मिला है इसे सार्थक करें। यदि तुम्हें आपनी माटी पर गर्भ हैं तो तुम जहां जहां से निकल जाओगे वह माटी चन्दन वन जायेगी। जब मैं आचार्य श्री के दर्शन करने रामटेक गया तो मुझे स्पेशल आशीर्वाद मिला क्यों कि मेरा गुरु पर विश्वास है कभी





तुमने सोचा कि आज मैं धन्य हो गया जिस भूमि पर तीर्थंकर भगवान का जन्म हुआ। महावीर राम, कृष्ण जैसी महान आत्माओं ने अवतार लिया। उसी माटी में मुझे जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यदि मुझमें थोड़ी सी भी योग्यता आई है तो मैं अपनी मां भारती की सेवा करूंगा।

### भारत की प्रतिभाएं चंद चांदी सिक्को के लिए विदेश जा रही हैं

उन्होंने कहा कि आज क्या हो रहा है भारत की सभी प्रतिभाएं चंद चांदी के सिक्कों के लिए अपने देश को छोड़कर यूं ही पलायन कर जाती है। इन प्रतिभाओं को रोककर भारत माता की सेवा में उनकी ऊर्जा का उपयोग करना होगा। योग्य वच्चे विदेश जा रहे हैं और जब कोई संकट आता है तब यही भारत भूमि उन्हें काम आती है। यदि तुम्हें थोड़ा भी गर्व हैं तो इसे छोड़ कर मत जाना। तुम्हें अपने माता-पिता पर गर्व हैं तो उन्हें छोड़ कर मत जाना अपने गुरु को छोड़ कर मत जाना। इतना ही तो होगा कि वहां पचास लाख मिलेंगे यहां पांच लाख मिलेंगे लेकिन यहां की आवो हवा में संस्कार नहीं छूटेंगे।

### भक्त की श्राद्ध का चमत्कार है जहां तुम चाहोगे गुरु वहां पहुंच जाएंगे

मुनि श्री ने कहा कि भक्त की श्राद्ध का चमत्कार हैं जहां तुम चाहो गुरु पहुंच जायेंगे। भक्ति में इतनी शक्ति होती है जो चाहे वह हो जाता है। भगवान के ऊपर विश्वास करना होगा। हमारा विश्वास है ये मंत्र काम करेगा । बैध ने अगर ज़हर भी दे दिया और तुमने विश्वास कर के खा लिया तो वह औषधि का ही काम करेगा। उन्होंने कहा कि क्या तुम्हें उस क्रिया पर गर्व हैं जो तुम करने जा रहे हा, क्या तुम्हें भारत में जन्म लेने पर गर्व हैं, विदेशी लोग भारत में ज्यादा रह रहे हैं यहां भारतीय लोग विदेश में अधिक रह रहे हैं।

### वर्षों से मैंने देखा था अशोकनगर के युवाओं का उत्साह वह स्पष्ट नजर आ रहा है-अशोक पाटनी

इसके पहले आज जैन समाज के भामाशाह अशोक पाटनी अपनी धर्मपत्नी सुशीला पाटनी के साथ मुनिपुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज ससंघ की चरण वंदना करने विशेष विमान से यहां पहुंचे। जहां जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद, मंत्री विजय धुर्रा, कोषाध्यक्ष सुनील अखाइर्, संयोजक उमेश सिघई सहित अन्य प्रमुख जनो ने उनका स्वागत किया। इस दौरान अशोक पाटनी ने कहा कि पिछले दिनों जितनी मेहनत अशोकनगर जैन समाज थूवोनजी कमेटी ने की है उतनी मेहनत करना आसान नहीं है वर्षो से मैं देख रहा हूं जहां जाओ अशोक नगर के युवाओं का हुजूम मिलता है। गुरु की आगवानी की चर्चा पूरे देश में है। हम लोग टेलीविजन पर देख रहे थे। इतनी खूबसूरत जितना आप पिच्छिका परिवर्तन में करते हैं वैसा ही नजारा सड़को पर कर दिखाया।

### अशोकनगर के बारे में जो सुना था उससे कहीं आगे निकला

सुशीला पाटनी ने कहा कि यहां के बारे में जो सुनते थे उससे कहीं अधिक देखने को मिला अशोकनगर बालों के पुण्य की बहुत प्रसन्न करेंगे आप लोगों को किशनगढ़ नारेली अजमेर पंच कल्याणक संभालना है आप को अभी से आमंत्रण दे रहे हैं इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज हम अपने बीच जैन समाज के भामाशाह परिवार को पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं जैन पंचायत की टीम किशनगढ़ गई थी और आज आप पूरे परिवार के साथ आये हम सम्पूर्ण समाज की ओर से आपका अभिनन्दन करते हैं।

### अभी तक शाखा प्रबंधक प्राथमिक साख बोडा ने थाने में नहीं पहुंचाई मूल दस्तावेज की फाइल

# दस्तावेज गुम होना तो बहाना है आखिरकार घोटाले की सच्चाई छुपाना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/बोडा

सीसीवी बैंक के अधीनस्त संचालित होने वाली बोडा सोसायटी के हाल बेहाल हैं यहां पर पिछले सालों में हुए गबन को छुपाने में सारा स्टॉफ एक हो गया हो है। हालात ऐसे हैं कि वर्तमान में जो बोडा सोसायटी के प्रभारी समिति प्रबंधक हैं उन्हें इस मामले के बारे में कुछ भी पता नहीं है। उनका कहना है कि यह मामला उनके कार्यकाल से पूर्व का है और पूर्व के कोई भी दस्तावेज उनके पास नहीं हैं। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बोडा सोसायटी में किस तरह से भ्रष्टाचार पसरा पड़ा है जिसे कोई भी जिम्मेदार अधिकारी देखने वाला नहीं है। शिकायतों पर जांच तो होती है लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं होता है और जांच ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है।

ताजा मामला बोड़ा सोसायटी का है। बोड़ा शाखा के तत्कालीन प्रबंधक को 22 लाख 81 हजार 173 रुपए के गबन के मामले में कार्यवाही का नोटिस थमाया था। यह कार्यवाही आगे नहीं बढ़ी और न ही वसूली हुई। जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आपको बता दें कि बोड़ा संस्था की फाइल री ओपन कर बिन्दूवार जांच कराने की मांग की गई थी है। साथ ही यह भी कहा गया कि अगर पुनः जांच होती है, तो लगभग एक करोड़ रुपए का गबन का मामला सामने आ सकता है।

## तात्कालीन अधिकारी ने क्यों बंद की गई रिकवरी की फाइल



## लाखों के घोटाले में आदेश के बाद भी नहीं हुई एफआईआर

### अभी तक शाखा प्रबंधक प्राथमिक साख बोडा ने थाने में नहीं पहुंचाई मूल दस्तावेज की फाइल, फिर कैसे हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/ तलेन

राजगढ़ जिले में सहकारिता विभाग में घपलों और घोटालों का सिलसिला जारी है। आए दिन मनमाने तरीके से लाखों रूपयों की हेराफेरी के मामले लगातार सामने आ रहे है। शिकायतों पर जांच तो होती है लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं होता है और जांच ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है।

ताजा मामला बोड़ा सोसायटी का है। बोड़ा शाखा के तत्कालीन प्रबंधक को 22 लाख 81 हजार 173 रूपए के गबन के मामले में कार्यवाही का नोटिस थमाया था। यह कार्यवाही आगे नहीं बड़ी और न ही वसूली हुई। जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आपको बता दे की बोड़ा संस्था की फाइल री ओपन कर विन्दुवार जांच कराने की मांग की गई थी है। साथ ही यह भी कहा गया कि अगर पुनः जांच होती है, तो लगभग एक करोड़ रूपए का गबन का मामला सामने आ सकता है।



**यह है पूरा मामला**

बैंक शाखा बोड़ा के अन्तर्गत आने वाली संस्था बोड़ा में वर्ष 2018-19 के मध्य गोविन्द प्रसाद शर्मा द्वारा राशि 22 लाख 80 हजार 173 रूपये का फर्जी वाड़ा गबन धोखाधड़ी कर संस्था का नुकसान पहुंचाया गया जिसका आरोप इन पर सिद्ध हुआ था। परन्तु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मैनेजर डीआर सरोटिया के द्वारा 14 फरवरी 2023 को उक्त फाईल को बन्द कर दिया गया जिसमें इनके वेतन से कटोत्रा हो रहा था। उक्त फाईल को पुनः रिन्यूवल करवाकर संस्था की राशि 22 लाख 80 हजार 173 रूपये की वसूली संस्था प्रबंधक से कराई जाए। उक्त संस्था प्रबंधक के द्वारा बैंक शाखा नरसिंहगढ़ के अधिनस्थ संस्थाये सुरजपोल एवं कोटरा में भी वर्ष 2016 से 2020 के मध्य में फसल बीमा खाद्य वितरण नगद वसूली सहायक केश बुक में हेरफेर एवं केश बुक में सीधा खर्चा डाला गया एवं बिना रसीद के राशि घटा दी गई है। यदि इनकी जांच की जाये तो यहां का गबन करीब एक करोड़ से उपर निकलेगी। संस्था बोड़ा की फाईल को रि ओपन कराई जाकर नरसिंहगढ़ शाखा स्थित संस्थाओं की वर्ष 2016 से 2020 तक की बिन्दुवार जांच करवाई जाए।

इधर बोड़ा सोसायटी की जाँच के लिए टीम भी गठित हुई थी लेकिन जाँच फाइल बोड़ा थाने मामला दर्ज कराने तक पहुंची है लेकिन अभी तक बोड़ा थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा द्वारा इस मामले में संस्था के तत्कालिन संस्था प्रबंधक पर अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

**इनका कहना है**

हमने तो 19 तारीख को ही थाने में आदेश व संपूर्ण दस्तावेज सौप दिए थे अब थाना को कार्रवाई करना है
लोकेन्द्र सिंह चंद्रावत
शाखा प्रबंधक कृषि सहकारी संस्था बोड़ा

हमारे पास एक बार आए थे तब हमने मूल दस्तावेज के साथ फाइल देने की बात कही थी तभी से अब तक कोई भी नहीं आया है तो फिर एफआईआर कैसे कर दें।
धर्मेन्द्र शर्मा, थाना प्रभारी बोड़ा

बोडा सोसायटी में वर्ष 2018-19 के मध्य गोविन्द प्रसाद शर्मा द्वारा राशि 22 लाख 80 हजार 173 रूपये का गबन धोखाधड़ी कर संस्था का नुकसान पहुंचाया गया जिसका आरोप इन पर सिद्ध हुआ था। परंतु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मैनेजर डीआर सरोटिया के द्वारा 14 फरवरी 2023 को उक्त फाईल को बन्द कर दिया गया जिसमें इनके वेतन से कटोत्रा हो रहा था। उक्त फाइल को पुनः रिन्यूवल करवाकर संस्था की राशि 22 लाख 80 हजार 173 रुपए की वसूली संस्था प्रबंधक से कराई जाए।

### कोटरा और सूरजपोल के फसल बीमा की जांच में निकल सकता है करोड़ों का घोटाला

पूर्व में भी गोविंद प्रसाद शर्मा संस्था प्रबंधक के द्वारा बैंक शाखा नरसिंहगढ़ के अधिनस्थ संस्थाएं सुरजपोल एवं कोटरा में भी वर्ष 2016 से 2020 के मध्य में फसल बीमा खाद्य वितरण नगद वसूली सहायक केश बुक में हेरफेर एवं केश बुक में सीधा खर्चा डाला गया एवं बिना रसीद के राशि घटा दी गई है। यदि इनकी जांच की जाए तो यहां का गबन करीब एक करोड़ से उपर निकलेगी। संस्था बोड़ा की फाईल को रि ओपन कराई जाकर नरसिंहगढ़ शाखा स्थित संस्थाओं की वर्ष 2016 से 2020 तक की बिन्दुवार जांच करवाई जाए। इधर बोड़ा सोसायटी की जाँच के लिए टीम भी गठित हुई थी लेकिन जाँच फाइल बोड़ा थाने मामला दर्ज कराने तक पहुंची है लेकिन अभी तक बोड़ा थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा द्वारा इस मामले में संस्था के तत्कालिन संस्था प्रबंधक पर अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

### इनका कहना है...

पूर्व का दस्तावेज अपने पास नहीं है। मैंने तो अभी 11 अप्रैल 25 को प्रभार लिया है।
**प्रेमसिंह, प्रभारी समिति प्रबंधक**

यदि डॉक्यूमेंट न मिलने की बात है तो मैं दिखवा लेता हूं कि उस समय के दस्तावेज या डाटा कैसे रिकवर किए जा सकते हैं।
**दिलीप सिंह चौहान, सीसीवी बैंक प्रभारी महाप्रबंधक**

हमारे पास एक बार आए थे तब हमने मूल दस्तावेज के साथ फाइल देने की बात कही थी तभी से अब तक कोई भी नहीं आया है तो फिर एफआईआर कैसे कर दें।
**धर्मेन्द्र शर्मा, थाना प्रभारी बोडा**

अभी पुनः समिति प्रबंधक को एफआईआर के लिए पत्र जारी किया गया है, जल्दी ही एफआईआर की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।
**लोकेन्द्र सिंह चंद्रावत**
शाखा प्रबंधक कृषि सहकारी संस्था बोडा

### जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए अहम निर्देश

# अवैध कॉलोनियों में सड़क निर्माण न करें नगरीय निकायः कलेक्टर



**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने बुधवार को जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों में नए भू-खण्डों(प्लॉटों) का नामांतरण नहीं किया जाए। पुराने भू-खण्डों का पुनः विक्रय किया जा सकता है। उन्होंने नगरीय निकायों को हिदायत दी की अवैध कॉलोनियों में सड़क निर्माण भी न करें।

बैठक में अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह सहित राजस्व अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने आरसीएमएस में दर्ज राजस्व न्यायालयों में प्रचलित प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लम्बित प्रकरणों में शीघ्रता से निर्णय हो। अपील के मामले अनावश्यक लंबित न रहे। दो से पांच साल पुराने राजस्व प्रकरणों का गंभीरता से निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि एक हफ्ते में राजस्व प्रकरणों की अच्छी प्रगति दृष्टिगोचर होनी चाहिए। उन्होंने नामांतरण के लंबित प्रकरणों पर भी असंतोष व्यक्त किया और कहा कि नामांतरण के मामले लंबित नहीं रहना चाहिए। साइबर तहसील में दर्ज प्रकरणों का भी गंभीरता से निराकरण करें।

### हिट एंड रन के मामले भी शीघ्रता से निपटाएं

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जाति प्रमाण-पत्र बनवाने में किसी को असुविधा न हो। हिट एंड रन मामलों में शीघ्रता से प्रभावितों को राहत देने का कार्य किया जाए। फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में भी बेहतर प्रदर्शन के निर्देश राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम राजगढ़ रत्नेश श्रीवास्तव, ब्यावरा एसडीएम गीतांजली शर्मा, नरसिंहगढ़ एसडीएम सुशील कुमार सहित जिले के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

### हाट बाजार दिवस को सब्जी बेचने दशहरा मैदान है नियत

# नपा के नियम विरुद्ध हाट-बाजार में लग रहीं सब्जी की दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर में हर बुधवार लगने वाले साप्ताहिक हाट के कारण नगर की पूरी यातायात सहित अन्य व्यवस्थाएं ध्वस्त हो जाया करती हैं। ऐसे करीब एक वर्ष पूर्व नगर पालिका ने निर्णय लिया था कि हाट बाजार दिवस बुधवार को सब्जी की समस्त दुकानें नवीन दशहरा मैदान पर ही लगाई जाएंगी। जो सब्जी विक्रेता इसका उल्लंघन करेगा उस पर चालानी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

नगर पालिका ने अपने बनाए हुए इस नियम का कुछ हफ्तों तक तो पालन किया वहीं हाट-बाजार में दुकानें लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं के चालान भी काटे गए। लेकिन, हालात अब फिर से पुराने ढर्रे पर लौट चुके हैं। बुधवार को साप्ताहिक हाट-बाजार में ही अनेकों सब्जी विक्रेता अपनी-अपनी दुकानें लगाकर बैठे रहे लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नजर नहीं आई।

### नियमों का पालन करने वालों का हो रहा नुकसान

नगर पालिका के नियमानुसार दशहरा मैदान पर अपनी दुकानें लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है। दशहरा मैदान पर सब्जी के दुकानें लगाकर बैठे विक्रेताओं ने बताया कि जब लोगों को बाजार में ही सब्जियां मिल रही हैं तो उन्हें यहां खरीदने बहुत कम ग्राहक आ रहे हैं। नगर पालिका के नियमों के तहत दशहरा मैदान में सब्जी की दुकानें लगाने वाले विक्रेताओं ने मांग की है कि अगले हफ्ते से हाट-बाजार में दुकानें लगाने वालों पर कार्यवाही करें अन्यथा वे भी अपनी दुकानें मार्केट में ही लगाएंगे।

# पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न, एसडीएम ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बुधवार को पशु चिकित्सालय, सारंगपुर में अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अनेक आवश्यक निर्देश दिए गए, जिसमें पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे लक्ष्य अनुसार आवेदन बैंक में जमा कराएं एवं शीघ्र स्वीकृति सुनिश्चित करें, गोशालाओं का निरीक्षण एवं टीकाकरण सप्ताह में दो बार क्षेत्र की गोशालाओं का भ्रमण कर टैगिंग और टीकाकरण का कार्य समय



सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, निराश्रित गोवंश के लिए त्वरित चिकित्सा व्यवस्थारू सड़क, राजमार्ग या ग्राम पंचायत क्षेत्रों में दुर्घटनाग्रस्त गोवंश की सूचना मिलने पर तत्काल चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए।

**वहीं गोवंश पुनर्वास :** सचिन सूर्यवंशी सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी को कालापीपल क्षेत्र के सरपंच से समन्वय कर देवनारायण मंदिर स्थित गोवंश को नजदीकी गोशाला में स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए गए। पशु औषधालय कडलावद की जर्जर अवस्था को देखते हुए संबंधित अधिकारी को पंचायत कार्यालय से कार्य संचालन करने हेतु निर्देशित किया गया। पशुपालन योजनाओं का प्रचार-प्रसाररू सभी संस्था प्रभारियों को अधिक से अधिक पशुपालकों को विभागीय योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया। वर्षा ऋतु में टीकाकरण अभियान- सभी ग्रामों में टीम गठित कर वर्षा पूर्व टीकाकरण अभियान चलाने पर जोर दिया गया।बैठक के दौरान डॉ. अमित शाक्या (पशु चिकित्सा अधिकारी, सारंगपुर), निर्मल कासदे, डॉ. सुमेरा मिर्जा, सचिन सूर्यवंशी, नेमीचंद जाटव, प्रेम किशोर, सुरेश दांगी, नीरज नागर सहित विभाग के कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मंत्री टेटवाल ने किया 40 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन

**पचोर।** मंत्री गौतम टेटवाल ने बुधवार को नगर में 40 लाख से अधिक के सामुदायिक भवन, टीन शेड, सड़क निर्माण सहित अनेक विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। शुरुआत में वार्ड क्रमांक 1 में भगवान देवनारायण के दर्शन किए। भूमि पूजन के बाद ग्राम के प्रमुख लोगो से चर्चा की। इसके बाद वार्ड 5 में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इसके बाद भोजपुरिया हनुमान मंदिर में दर्शन कर कार्यों का अवलोकन किया। वार्ड 11 ,12,13 में विकास कार्यों का भूमि पूजन किया।

इस मौके पर मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा धर्म है, कर्तव्य है, और यही मेरे प्रयासों की प्रेरणा है। हमारा संकल्प है कृ हर गली, हर मोहल्ले तक विकास पहुँचाना। विधानसभा क्षेत्र में विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर नपा अध्यक्ष विकास करोड़िया, मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, दामोदर लहरी, उपाध्यक्ष रामभरोसे यादव, पार्षद हेमराज गुर्जर, शक्ति पंवार, सुनीता गुर्जर, चेतना मुंदेरिया,



राधेश्याम गुर्जर, मनीष यादव, दीपक चौहान, सुदर्शन सोनी, कैलाश देशवाली, संदेश राजोरे, सीताराम लहरी, सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### इन कार्यों का किया भूमिपूजन

वार्ड क्र. 01 बिलापुरा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (लागत 09.14 लाख रुपये) वार्ड क्र. 11 श्री कालाजी महाराज मंदिर परिसर में विधायक निधी से टीन शेड निर्माण कार्य (लागत 13.44 लाख रुपये)वार्ड क्र. 12 में श्री बड़ा मंदिर के पास में सार्वजनिक स्थान पर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (लागत 09.14 लाख रुपये) वार्ड क्र. 13 खटिक सामाज धर्मशाला के पास में सार्वजनिक स्थान पर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 09.14 लाख रुपये।

### 127 किमी की डाक कांवड़ यात्रा का किया आयोजन

# गो माता को राष्ट्र माता बनाने की मांग को लेकर दौड़े कांवड़िए

**पचोर।** सावन के पवित्र महीने में गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर गो सेवकों द्वारा डाक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। समस्त गो सेवक के बैनर तले 48 युवा कांवड़ियों की टोली राम घाट उज्जैन से शिप्रा का जल लेकर दौड़ते हुए पचोर प्राचीन शिवालय पहुंचे। जहां भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक किया गया। -सुबह 7 बजे कांवड़यिों का जत्था बाइक से घाट के लिए रवाना हुआ। शिप्रा से पवित्र जल 5 भरकर युवाओं ने दौड़ शुरू की। - यात्रा की खास बात यह रही कि - जल एक विशेष बांस से बनी कांवड़ में भरा गया,





जिससे उसे सुरक्षित और छलकने से रोका जा सके। पूरी यात्रा रिले प्रणाली पर आधारित रही-एक थकता तो दूसरा दौड़ पड़ता। इस तरह सभी ने 127किलोमीटर की दूरी बारी-बारी तय की।

**उत्साह से गूंजा मंदिर परिसर:** दोपहर करीब 2.30 बजे कांवड़िए प्राचीन शिव मंदिर पहुंचे। हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोष के बीच भोलेनाथ का शिप्रा के जल से अभिषेक किया गया। मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल छा गया। भजन-कीर्तन हुए, प्रसाद वितरण हुआ और नगरवासियों ने जगह-जगह फूल वर्षा कर स्वागत किया।

### यात्रा के जरिए एकता और आस्था का संदेश

यह धार्मिक आयोजन युवाओं की एकता, संयम और श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य नगर में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करना है, इसके साथ ही अपनी मांग की डाक भी भगवान को समर्पित डाक में लिखा गया कि यह कावड़ उज्जैन बाबा महाकाल से पचोर बाबा विश्वनाथ के लिए लाई जा रही है। शिप्रा मैया का जल भरकर लाया गया है। एक ही लक्ष्य है कि गो माता जो सड़कों पर दर-दर की ठोकरें खा रही हैं, उन पर बाबा विश्वनाथ कृपा करें।

# ओडिशा में छात्रा से रेप, विदिशा में छात्रों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ओडिशा के एक कॉलेज में छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के विरोध में मंगलवार को अभाविप विदिशा में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

छात्रों ने ने कहा कि शिक्षा संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए। संगठन ने एनएसयूआई पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। नेता शालिनी वर्मा ने बताया कि पीड़िता ने आरोपी प्रोफेसर समीर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। कार्रवाई न होने पर छात्रा ने आत्मदाह कर लिया। आरोपी को तो फांसी होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएसयूआई पीड़िता का नहीं बल्कि आरोपी प्रोफेसर का समर्थन कर रही है। संगठन का कहना है कि जो लोग इस मामले को राजनीतिक रंग दे रहे हैं, वे छात्रों के साथ नहीं बल्कि अपराधियों के साथ खड़े हैं।

### पुलिस और अहिंसा वेलफेयर टीम ने संयुक्त रूप से किया आयोजन

# 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत स्कूली बच्चों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नशे से दूरी है जरूरी... संदेश के साथ अहिंसा वेलफेयर सोसायटी और पुलिस के संयुक्त प्रयास से नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बरखेड़ा स्कूल में विद्यार्थियों के साथ संवाद किया गया, वहीं ग्राम दुबली में दीवार लेखन से नशे के खिलाफ जन-जागरुकता लाने का प्रयास किया गया। बरखेड़ा में हुए संवाद के दौरान किसी भी तरह के नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। बच्चों ने नशे को जीवन से दूर रखने का संकल्प लिया। इसी तरह ग्राम दुबली में पीस वॉलिंटियरों ने दीवार लेखन अभियान चलाया। गांव की सार्वजनिक जगहों, स्कूल के पास, चैराहों, चैपालों और प्रमुख गलियों की दीवारों पर नशा विरोधी स्लोगन लिखे गए। दीवार लेखन के जरिए शराब छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो, नशा एक रोग है, जागरुकता ही इलाज है जैसे स्लोगन लिखे गए जो न केवल राहगीरों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, बल्कि समाज को जागरुक भी कर रहे हैं।

### घर-घर जाकर किया जन संवाद

अभियान के दौरान वॉलिंटियरों ने गांव में घर-घर जाकर संवाद किया। खासकर किशोरों और युवाओं को मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान की विस्तृत जानकारी दी गई जो नशे की आदतों से हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नशा केवल शराब या तंबाकू तक सीमित नहीं है, बल्कि मोबाइल, ऑनलाइन गेमिंग और डिजिटल लतें भी आज की युवा पीढ़ी को प्रभावित कर रही हैं। गांव की महिलाओं और बुजुर्गों ने भी इस अभियान की सराहना की। अभियान में अहिंसा टीम से मनीष दांगी, रजनी प्रजापति तथा पुलिस विभाग की तरफ से उप-निरीक्षक सुनीता भावर, दिनेश गुर्जर एवं नासिर खान ने सक्रिय सहभागिता की।

# पुलिस ने नशे की लत से दूर रहने की दिलाई शपथ



**खुजनेर।** नशामुक्ति जनजागृति अभियान के तहत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर में बच्चों को नशे से दूरी बनाने एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं थाना प्रभारी शिवचरण यादव द्वारा बताया गया कि नशीले पदार्थों के बढ़ते उपयोग ने समाज के लिए एक गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ रहा है नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हैं यह प्रवृत्ति न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है, बल्कि अपराधों को भी बढ़ावा देती है इस समस्या से निपटने और समाज में नशीले पदार्थों को कम करने के लिए एक, व्यापक प्रदेशव्यापी जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग को गांजे शराब, ड्रग्स के गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना है।तथा मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करना भी शामिल है। नशामुक्ति जन-जागरूकता अभियान समाज के सभी वर्गों की भागीदारी से ही सफल हो सकता है। इस अवसर पर थाना प्रभारी शिवचरण यादव एएसआई मंगल छायल आरक्षक दिगपाल यादव प्राचार्य आशीष गुप्ता सहित स्कूल छात्र छात्राएं व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।